वो मेरा श्याम प्यारा है

डूबते को सहारा दे वो मेरा श्याम प्यारा है,
कितनी भी बड़ी मुसीबत हो हमें तूने उबारा है,
हारे को भी जिता दे जो, वो मेरा श्याम प्यारा है,
डूबते को सहारा दे.......

हुए टुकड़े मेरे दिल के दिया जब धोखा अपनों ने,
हाथ छोड़ा नहीं पकड़ा, वो मेरा श्याम प्यारा है,
डूबते को सहारा दे......

आँखों से आंसू जो टपके पोंछने वो ही आया था,
प्रेमी का मन भी जो पढ़ ले, वो मेरा श्याम प्यारा है,
डूबते को सहारा दे.....

मैं पैदल चलके आया था मुझे गाड़ी में बैठाया,
बिगड़ी सबकी बनाये जो, वो मेरा श्याम प्यारा है,
डूबते को सहारा दे.......

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/24638/title/vo-mera-shyam-pyara-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |